## खबर संक्षेप

### विकासखण्ड गौ सेवा आयोग की हुई बैठक



**सलका-अघिना।** विकासखण्ड गौ सेवा आयोग की प्रथम बैठक भैयाथान जनपद के सभा कक्ष में सम्पन्न हुआ। बैठक एसडीएम भैयाथान चांदनी कंवर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गौ धाम योजना के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार उपरांत ग्राम पंचायत सलका व सत्य नगर की जमीनी हकीकत और अवलोकन उपरांत इन दो गौ सेवा आश्रम पर अनुशंसा की गई है। बाकी बचे आवेदन पर बाद में अवलोकन उपरांत अनुशंसा की पहल होगी। पूरे ब्लॉक स्तर पर 10 गौ आश्रम बनना है बैठक में गौ माता के संवर्धन व संरक्षण के संबंध में तथा विकासखंड के विभिन्न स्थानों पर गौधाम देने की योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोग की बैठक माह मे एक बार नियमित होगा जिसमे गौ धामों के विषय कार्यों व शासन के योजना के विषय पर चर्चा होगी। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय गुप्ता, नायब तहसीलदार प्रियंका टोप्पो के अलावा गौ सेवा आयोग के भैयाथान विकासखंड के ब्लॉक अध्यक्ष शंभु नारायण, सदस्य दीपक अग्रवाल, शशांक गुप्ता, अश्वनी देवांगन, जटाधारी सिंह, धन साय राजवाड़े सहित पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रकान्त सिंह, देवचंद सिंह व विक्रम कुशवाहा सहित अन्य मौजूद रहे।

### डीएवी मैनेजमेंट के नए नियम-कायदे से शिक्षक दंपत्ति प्रताड़ित

**बिश्रामपुर।** गत वर्ष डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली द्वारा थोपे गए नए नियम-कायदे से शिक्षक दंपत्ति परेशान और प्रताड़ित हो रहे हैं,इसका सीधा असर संबंधित विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बताया जाता है कि डीएवी के शीर्ष प्रबंधन ने पिछले वर्ष एक नया नियम लागू किया है, जिसके अनुसार पति-पत्नी एक ही विद्यालय में कार्य नहीं कर सकते,इस आदेश के बाद कई शिक्षक दंपत्तियों को मजबूरन अलग-अलग विद्यालयों में भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि शासन स्तर पर पहले से ही स्पष्ट प्रावधान हैं कि पति-पत्नी को एक ही स्थान या नज़दीकी क्षेत्रों में पदस्थापना दी जाए, ताकि वे अपने बच्चों और परिवार की बेहतर देखभाल कर सकें। परंतु डीएवी मैनेजिंग कमेटी के इस तुगलकी फरमान से न केवल संबंधित कर्मियों का पारिवारिक जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि शिक्षण कार्य पर भी नकारात्मक असर देखा जा रहा है। बिश्रामपुर डीएवी विद्यालय में ऐसे ही दो शिक्षक दंपत्ति प्रभावित हुए हैं। जानकारी के अनुसार, डीएवी प्रबंधन ने नियम पालन के नाम पर उनकी जायज मांगों को अनसुना करते हुए, पतियों की बजाय उनकी पत्नियों का तबादला 35 से 50 किलोमीटर दूर पांडवपारा और जरही के विद्यालयों में कर दिया है।सूत्रों के अनुसार, जब शिक्षकों को तबादले की जानकारी मिली, तो उन्होंने मैनजमेंट को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि यदि तबादला आवश्यक ही है तो महिलाओं की जगह उनका (पुरुष शिक्षकों का) तबादला कर दिया जाए, ताकि परिवारिक जीवन प्रभावित न हो। मगर प्रबंधन ने उनकी गुहार को दरकिनार करते हुए महिलाओं का ही तबादला कर दिया।

## उपलब्धियां, नवाचार और कोरिया को मिले सम्मान की झलक दिखा रही प्रदर्शनी

# राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



स्टाल का निरीक्षण करते अतिथि व अन्य।

राज्योत्सव के दौरान राज्योस्थल में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बनी हुई है। इस विशेष फोटो प्रदर्शनी में जिले की उपलब्धियों, संभावनाओं, नवाचारों तथा राष्टीय स्तर पर मिले प्रशंसनीय सम्मान को चित्रों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा कोरिया जिले को दिए गए सम्मान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं से की गई भेंट, राज्यपाल रमेन डेका द्वारा सोनहनी और बटर पिन्ट्स का विमोचन तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के झुमका महोत्सव के एक दिवसीय प्रवास को प्रमुख रूप से स्थान दिया गया है।

प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, मीडिया प्रतिनिधियों व आम लोगों ने सराहा। इसके साथ ही जिले में प्रभारी मंत्री, विधायकों और प्रशासन द्वारा किए गए नवाचार एवं महत्वपूर्ण कार्यों को भी फोटो फ्रेंम के जरिए दर्शाया गया है। कोरिया प्रशासन की सफलता की कहानियों को राज्य और राष्टीय स्तर के समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जिन्हें भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया है। जिला जनसंपर्क अधिकारी विजय मानिकपुरी ने बताया कि स्टॉल पर आम नागरिकों के लिए छग जनमन, विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम, छग में सुशासन के नवाचार जैसी सूचना-पुस्तिकाएं और मासिक पत्रिकाएं निःशुल्क वितरित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सामग्री न केवल राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की सटीक जानकारी देती है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भी उपयोगी साबित होगी। राज्योत्सव में आए दर्शक जिले के गौरव और विकास यात्रा से जुड़ी इन झलकियों को उत्साहपूर्वक देख रहे हैं।



# राज्योत्सव में सांस्कृतिक रंगों ने दर्शकों को मोहा

## करमा की लय और मांदर की थाप पर थिरका राज्योस्थल

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।



आयोजित प्रतियोगिता।

तीन दिवसीय राज्योत्सव के दूसरे दिन राज्योस्थल लोकनृत्य और लोकसंगीत की सतरंगी आभा में डूबा रहा। राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा को करीब से अनुभूत करने पहुंचे जिलेवासियों ने यहां संस्कृति की जीवंत धड़कन को महसूस किया। मांदर की थाप और करमा गीतों की गूंज के बीच माहौल आनंद और उल्लास से भर उठा।

करमा नृत्य की सधी लय और संतुलित ताल पर कलाकारों के थिरकते कदमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं ददरिया लोक गीतों की मीठी तान ने ग्रामीण जीवन की सरलता और आत्मीयता को दिलों तक पहुंचा दिया। राज्योत्सव के शुभारंभ के दिन पंथी नृत्य दल ने गुरू घासीदास बाबा के उपदेशों और सत्य-अहिंसा के संदेश को भावपूर्ण अभिव्यक्ति देते हुए मंच पर एक प्रेरक दृश्य रचा। साथ ही सूफी गीतों की मधुर प्रस्तुति ने शाम के शांत माहौल को और अधिक सुरीला और आत्मस्पर्शी बना दिया। संगीत, नृत्य और लोक रंगों के इस सुरम्य संगम ने दर्शकों को न केवल मनोरंजन दिया, बल्कि उन्हें प्रदेश की सांस्कृतिक जड़ों से भी गहराई से जोड़ा।



# बाइकर्स गैंग के खिलाफ टीचर्स ने खोला मोर्चा, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज : सीतापुर

- थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, शिक्षिका हुई थी गंभीर रूप से घायल

नगर में बढ़ते बाइकर्स गैंग के आतंक और उत्पात के खिलाफ अब टीचर्स एसोसिएशन ने भी मोर्चा खोल दिया है। बाइकर्स गैंग के कारण सड़क दुर्घटना में शिक्षिका के गंभीर रूप से घायल होने के बाद टीचर्स एसोसिएशन ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन ने बाइकर्स गैंग के कारण बढती दुर्घटनाओं और जनहानि को देखते हुए कड़ी कारवाई की मांग की है।

बता दें कि धरपकड़ एवं कार्यवाही के अभाव में नाबालिग बाइकर्स गैंग का आतंक शहर में दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। मॉडिफाइड साइलेंसर एवं बाइक की तेज रफ्तार ने लोगों के नाक में दम कर दिया है। स्कूल जाने वाले नाबालिग बाइकर्स नगर में सबसे अधिक उत्पात मचा रहे है और हर पल दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। विगत दिनों स्कूल से छुट्टी होने के बाद स्कूटी से घर जा रही प्रधान पाठक विनीता सोनो को नाबालिग बाइकर्स ने टक्कर मार दी थी जिससे उनका पैर मुडकर टूट गया है। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला प्रधान पाठक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है। नगर में बढ़ती घटनाओं और शिक्षिका के घायल होने के बाद टीचर्स एसोसिएशन ने बाइकर्स गैंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि कार्रवाई के अभाव में नाबालिग बाइकर्स गैंग सड़को पर स्टंट करना करने के साथ ही एक दूसरे से रेस लगाकर हंगामा मचा रहे है। इस दौरान बाइकर्स आम लोगों की जन खतरे में डाल रहे है। स्कूली समय में बाइकर्स गैंग का आतंक बढ़ जाता है और सड़क पर भीड़ होने के कारण स्कूली बच्चों उअर नगरवासियों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सबसे बड़ी बात यह है कि नाबालिग बच्चों का बाइक चलाना और बाइक से स्कूल जाना मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है लेकिन पुलिस इसपर कार्रवाई नहीं कर रही इसके साथ ही अभिभावक भी नाबालिग बच्चों को बाइक उपलब्ध करा रहे है जिससे वे नगर में उत्पात मचा रहे है। इस दौरान थाना प्रभारी सीआर चंद्रा ने बाइकर्स गैंग के खिलाफ जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील मिश्रा, रामबिहारी गुप्ता, संतोष सिंह, रंजन सोनी, सुग्रीव गुप्ता, रचना सोनी, आरती सोनी, मेहताब आलम, सुनील पैंकरा, अजय गुप्ता, रविंद्र द्विवेदी सहित अन्य मौजूद थे।

# किसानों के एग्री-स्टेक पंजीयन का समय बढ़ाने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भाजपा किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



किसानों के एग्री-स्टेक पंजीयन की समय बढ़ाने को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अ ध् य क्ष आलोक सिंह ठाकुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की।

इस बीच भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के किसानों को एग्री-स्केट पंजीयन जो समय अवधि 31 अक्टूबर अंतिम तिथी थी जिसके कारण बहुत से किसान अपना पंजीकरण से पिछड़ चुके है तथा इस पंजीयन में तकनीकी त्रुटिया काफी आ रही है जिसके कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में किसान एग्री-स्केट पंजीयन नही करा पाए है जिसके चलते उन्हें इस वर्ष धान विक्रय से वंचित होना पड़ेगा। आलोक सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया इस एग्री-स्टेक पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाया जाए। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक एक बिंदुवार विषय से अवगत हुए एवं विश्वास दिलाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी हुई है उनकी सभी समस्याओं का निराकरण करना हमारा नैतिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने एग्री-स्केट पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर मिश्रा,किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेम तिवारी, किसान मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी महेश कौशल, बलरामपुर किसान मोर्चा जिला महामंत्री विकास मंडल उपस्थित रहे।

### राज्योत्सवः योजनाओं विकास कार्यों के लगाए स्टॉल

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। राज्योत्सव प्रदर्शनी में कुल 21 विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए, जिनके माध्यम से प्रदेश की 25 वर्ष की उपलब्धियों का चित्रण किया गया। इन विभागों ने अपनी योजनाओं, नवाचारों और जन-कल्याणकारी कार्यों को आधुनिक तकनीक और आकर्षक मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाकर छत्तीसगढ़ के 25 सालों की प्रगति व विकास की गौरवशाली यात्रा का चित्रण किया गया।

# मंडी प्रांगण में भव्य रूप से मनाया गया करमा महोत्सव



**कुसमी।** जनपद पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में सभी पंचायत की ओर से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक करमा महोत्सव मंडी प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। करमा महोत्सव के अवसर पर सभी ग्राम पंचायत से आए हुए कलाकारों द्वारा भाग लेकर अपना अपना मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया।

करमा महोत्सव में प्रथम पुरस्कार ग्राम पंचायत करचा एवं द्वितीय पुरस्कार ग्राम पंचायत धनजी के कलाकारों को प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज द्वारा 3 हजार की राशि कलाकारों को भेंट की गई, वही 2 हजार की राशि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी द्वारा भेंट किया गया। द्वितीय पुरस्कार ग्राम पंचायत धनजी को जिपं अध्यक्ष ने 2 हजार जबकि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा 1 हजार नगद राशि कलाकारों को प्रदान किया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय, महेश राम बुनकर, सूरजमल सोनी सहित सभी ग्राम पंचायत के सचिव व सरपंच उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ झारखंड की चुटिया टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर नगर के हाई स्कूल मैदान में स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में काका लरंगसाय एवं स्व. राधेश्याम जायसवाल की स्मृति में क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव ने किया।

उद्घाटन मैच झारखंड की चुटिया टीम और छत्तीसगढ़ की सीजी टाइगर बलरामपुर टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में झारखंड की चुटिया टीम ने 2–1 से जीत दर्ज की। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दर्शक देर शाम तक मैदान में जमे रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव ने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवा वर्ग में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि वे भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करते रहेंगे। आयोजन समिति के संरक्षक अशोक जायसवाल एवं संयोजक आकाश गुप्ता ने बताया कि क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ और झारखंड की कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। आगामी 16 दिनों तक प्रतियोगिता चलेगी, जिसमें प्रतिदिन 2 से 3 मैच खेले जाएंगे। खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की गई हैं। नगर में लंबे समय बाद फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित होने पर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। हाई स्कूल मैदान को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और वातावरण में खेलों के प्रति उमंग झलक रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### राज्योत्सव में दिखा...

लहटोरा, हिरण, हाथी और बाघ जैसे वन्य जीवों के आकर्षक छायाचित्र प्रदर्शित किए गए हैं। वहीं रॉक पेंटिंग, हसदेव उद्गम, नीलकंठ पहाड़ी और गौरघाट जैसे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों ने लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी।

**तब और अब की 25 बरस यात्रा–** पेयजल प्रदाय योजना में हुए बदलाव को भी विकास मॉडल में प्रमुखता मिली है, जहां पहले हैंडपंप पर निर्भरता थी, वहीं अब सोलर आधारित जल प्रदाय प्रणाली और पानी टंकी के माध्यम से घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा भी आकर्षक मॉडल व स्टॉल लगाए गए हैं। आदिम जाति विकास विभाग ने पारंपरिक आवश्यकता की वस्तुएं, स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया सेंसर आधारित स्मार्ट डस्टबिन, पुलिस विभाग ने यातायात जागरूकता मॉडल, महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी से सखी वन-स्टॉप सेंटर तक की सेवाएं, समाज कल्याण विभाग ने नशामुक्ति पर संवेदनशील प्रस्तुति, मछली व पशुधन विभाग ने जीवंत मछली और मुर्गी प्रजातियां, रेशम विभाग ने कोसा से बनी साड़ी, शॉल और जैकेट कृषि व उद्यानिकी विभाग द्वारा मशरूम, मधुमक्खी पालन, ड्रेगन फ्रूट व ऑयल पाम का प्रदर्शन, आयुष विभाग द्वारा योग और आयुर्वेद आधारित उपचार मॉडल को प्रदर्शनी में दिखाया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास, सोलर पैनल और स्वच्छता के मॉडल को बेहद ही खूबसूरती से तराशा गया है।

# पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने लगाए जाएंगे विशेष शिविर

- डीएलसी 4.0 अभियान के तहत पेंशनभोगी जमा करा सकेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

**बिश्रामपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) एवं कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफ़ओ) के संयुक्त तत्वाधान में पेंशनभोगियों के लिए इस वर्ष डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने हेतु डीएलसी 4.0' विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान भारत सरकार के निर्देशानुसार नवंबर 2025 के दौरान एसईसीएल मुख्यालय सहित सभी संचालन क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है, ताकि पेंशनभोगियों को सुविधा मिल सके और पेंशन का नियमित भुगतान निर्बाध रूप से जारी रह सके।डिजिटल जीवम प्रमाण पत्र जमा करने के लिए एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में 4 नवंबर से 28 नवंबर 2025 तक विशेष शिविर लगाया जाएगा। वहीं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन इस प्रकार होगा-कोरबा क्षेत्र में 4 से 5 नवंबर, रायगढ़ क्षेत्र में 6 से 7 नवंबर, गेवरा क्षेत्र में 10 से 11 नवंबर, कुसमुण्डा क्षेत्र में 12 से 13 नवंबर, जमुना–कोतमा क्षेत्र में 13 से 14 नवंबर, चिरमिरी क्षेत्र में 17 से 19 नवंबर, बैकुंठपुर क्षेत्र में 20 से 21 नवंबर, भटगांव क्षेत्र में 5 नवंबर, बिश्रामपुर क्षेत्र में 6 नवंबर, हसदेव क्षेत्र में 10 से 12 नवंबर, सोहागपुर क्षेत्र में 10 से 11 नवंबर तथा जोहिला क्षेत्र में 12 से 13 नवंबर तक,इन शिविरों में पेंशनभोगी निःशुल्क अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। पेंशनभोगियों को शिविर में पेंशन पेमेंट ऑर्डर, बैंक पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर अपने साथ लाना आवश्यक होगा।



